दिनांक 13.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान 2018 प्रथम चरण
दुसरा दिन

भिलाईनगर/ आज लोक सुराज अभियान 2018 के अंतर्गत प्रथम चरण के दुसरे दिन शनिवार को जिला कलेक्टर श्री उमेश अग्रवाल ने नगर पालिक निगम, भिलाई के द्वारा आयोजित शिविर स्थल जोन 06 रिसाली, जोन 03 मदरटेरेसा नगर, जोन 04 शिवाजी नगर के विभिन्न वार्डों में लगे आवेदन संकलन शिविर का निरीक्षण किया गया एवं शिविर में उपस्थित नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्या और उनकी मांगों से अवगत हुए। शिविर स्थल पर पृथक–पृथक लगे काउंटरों में जाकर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा शिविर स्थल पर आवेदन पंजी का भी अवलोकन किया गया। निगम आयुक्त श्री चौहान से नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और भौतिक स्थिति की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान जिलाधीश महोदय के साथ निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, श्री कैलाश वर्मा, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लोक सुराज अभियान के अंतर्गत आवेदन संकलन शिविर का दुसरे दिवस पर जिलाधीश श्री उमेश अग्रवाल ने आवेदन संकलन शिविर में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से इस अभियान के आयोजन के लिए की गई तैयारी और जन सामान्य से मिल रहे आवेदनों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर महोदय ने पात्र लोगों को योजनाओं और सेवांओं से शत्–प्रतिशत् लाभान्वित करने के निर्देश दिये। राजस्व संबंधित प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, पेंशन भुगतान, राशन कार्ड, राशन वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र में संचालित सेवाओं की स्थिति सहित आदि की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से प्राप्त की। भ्रमण के दौरान वार्ड 63 में दिव्यांग श्री घनश्याम यादव एवं वार्ड 34 में श्री अशोक कोहिकर (आर्किटेक्ट) के द्वारा जिलाधीश महोदय को रोजगार हेतु ऋण दिलाने की मांग की गई जिस पर शिविर स्थल पर ही उक्त दोनों के अलग–अलग योजनाओं के अंतर्गत आवेदन जमा कराये गये तथा संबंधित विभाग को ऋण प्रदाय किये जाने हेतु नियमानुसार प्रस्तुत आवेदन को संबंधित विभाग में प्रेषित किये जाने एवं आवश्यक सहयोग करने के निर्देश आयुक्त श्री चौहान को दिये।

शिविर के निरीक्षण के दौरान स्कुल भवनों की पोताई, उज्जवला योजना के तहत् प्राप्त हो रहे आवेदन, आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन हेतु शासकीय भूमि चिन्हित कर नस्ती तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें जिसपर राशि आबंटन किया जावेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के साथ आवश्यक दस्तावेज की जांच कर पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिया जावेगा। जोन 04 मंगल बाजार छावनी मैदान सामुदायिक भवन को शक्ति केन्द्र के रुप में विकसित करने के निर्देश दिये गये। जिलाधीश महोदय द्वारा शिविर में संलग्न समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कार्य पर लापरवाही या अनुपस्थिति की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जावेगी इसलिए निर्धारित समय में उपस्थित होकर अपने कार्य का संपादन करें एवं शिविर में आवेदन प्रस्तुत करने पहुंच रहे नागरिकों को आवेदन के साथ आवश्यक रुप से संलग्न किये जाने वाले दतावेजों की जानकारी देवें एवं आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों का सुक्ष्म रुप से जांच कर आवेदन प्राप्त करें। प्राप्त आवेदन को संबंधित विभागों को प्रेषित करें।

लोक सुराज अभियान शिविर के अंतर्गत मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत 12 व 13 जनवरी 2018 संयुक्त कुल आवेदन की संख्या 2812 जिसमें मांग के कुल 2503 व शिकायत के 309 आवेदन प्राप्त हुए। 13 जनवरी को प्राप्त हुए आवेदन कुल 1728 जिसमें मांग के 1555 एवं शिकायत के 173 आवेदन प्राप्त हुए।

जन सम्पर्क अधिकारी

TRAINING PROVIDER